# पांच युवक कार समेत गंगनहर में डूबे

जनसत्ता संवाददाता

हरिद्वार, 6 फरवरी। हरिद्वार जनपद के उपनगर थाना कनखल के तहत पड़ने वाले तीन गांवों शाहपुर शीतलाखेड़ा, मिस्सरपुर और अजीतपुर के पांच युवक कार समेत उत्तरी गंगनहर में जा गिरे। इनकी तलाश की जा रही है। इन युवकों में से तीन युवक मिस्सरपुर और एक-एक युवक अजीतपुर और शाहपुर शीतलाखेड़ा के रहने वाले हैं। इस घटना के बाद इन तीनों युवकों के गांवों में हडकंप मच गया है। यह हादसा हरिद्वार से पिरान कलियर रूड़की मार्ग पर धनौरी गांव में हुआ।

गंगनहर में लापता इन युवकों में तीन युवक भूपेंद्र कुमार सैनी, हेमंत कुमार और मौनीश मिस्सरपुर गांव के रहने वाले हैं। जबकि राजू चौहान अजीतपुर गांव और टीनू प्रजापति शाहपुर शीतलाखेड़ा गांव के रहने वाले हैं। ये पांचों युवक 20 से 23 साल की उम्र के हैं। धनौरी गांव में इन युवकों की कार संतुलन खो बैठी और गंगनहर में जा गिरी। मिस्सरपुर गांव के रहने वाले नरेंद्र सैनी के पुत्र मोनू सैनी की शादी में शामिल होने के लिए ये पांचों युवक शुक्रवार की सुबह छह बजे मिस्सरपुर गांव से कार में सवार होकर उत्तरप्रदेश के सहारनपुर जिले के गंगोह कस्बे के लिए रवाना हुए थे। शादी में शामिल होने के बाद शाम पांच बजे ये

- युवकों के लापता होने पर गुस्साए गांव वालों ने कनखल थाने का घेराव भी किया।
- पुलिस ने क्रेन से कार निकाल ली है लेकिन युवकों का कोई पता नहीं चल पाया है।
- पुलिस ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को गंगनहर का पानी कम करने को कहा है।

पांचों युवक गंगोह से हरिद्वार के लिए कार से रवाना हुए। रास्ते में ही इनकी कार हरिद्वार-पिरान कलियर-रूड़की मार्ग में संतुलन बिगड़ने के कारण धनौरी गांव में हरिद्वार से सहारनपुर जाने वाली गंगनहर में जा गिरी। इस घटना के बाद इन पांचों के मोबाइल भी बंद हो गए। और देर रात तक ये पांचों युवक घर नहीं पहुंचे तो इनके गांवों में हडकंप मच गया। शनिवार दोपहर बाद मिस्सरपुर गांव के प्रधान रविंद्र कुमार सैनी ने इनके लापता होने की रिपोर्ट कनखल थाने में लिखवाई। इन युवकों के लापता होने पर गुस्साए गांव वालों ने कनखल थाने का घेराव भी किया।

इन युवकों का पता लगाने के लिए गंगनहर में पुलिस का रैस्क्यू ऑपरेशन जारी है। क्रेन से पुलिस ने इन युवकों की कार को तो बाहर निकाल ली। परंतु अब इन युवकों का कोई अता-पता नहीं चला है। हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सैंथिल अबुदई के मुताबिक पुलिस इस हादसे में लापता युवकों की तलाश के लिए रात-दिन एक किए हुए है। पुलिस प्रशासन ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को गंगनहर का पानी कम करने को कहा है। ताकि इन युवकों का जल्दी पता लगाया जा सके। इस घटना से इन युवकों के गांवों में दोस्त की शादी की खुशी की जगह मातम छा गया है।

07

सिल्ट जमा
शक पहले
ते 20 फीट
ी आ जाता
काफी नीचे
तों को पूरा
अन्दर की
ी के लिए
ड़ रही है।
ा साल भी
सिंचाई के
र्याप्त पानी
ा में शासन
ालाबों के
हले लोग

## दहेज की मांग पर दुल्हन ने तोड़ी शादी, पहुंची थाने

भिंड, 6 फरवरी (भाषा)। दहेज की मांग और अपने भावी ससुराल वालों की ओर से अपने परिवार के साथ की जा रही बदसलूकी से तंग आकर मेहगांव शहर की युवती ने शादी तोड़ दी और बारात लौटा दी।

पुलिस उपायुक्त विमल कुमार जैन ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात उस समय हुई जब मलखान सिंह की बेटी मीनाक्षी वर पक्ष के शराब के नशे में धुत लोगों के व्यवहार से नाराज हो गई। वे लोग उसके माता-पिता से पहले से तय राशि से दो लाख रुपए ज्यादा मांग रहे थे। इतना ही नहीं, उनकी मांगों को मानने से इनकार करने पर उन्होंने युवती के परिवार वालों के साथ हाथापाई भी की थी। युवती के पिता मलखान सिंह ने बताया कि इसके बाद मीनाक्षी ने बहादुरी भरा फैसला लिया और दूल्हे मनीष से शादी करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद उन्हें बारात वापस ले जाने पर मजबूर होना पड़ा। बाद में दुल्हन अपने परिवार के सदस्यों के साथ मेहगांव थाना पहुंची और दहेज उत्पीड़न कानून के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

## अधिक दाम वसूला तो वाट्सएप पर शिकायत होगी

मुंबई, 6 फरवरी, (भाषा)। उपभोक्ता जिनसे दुकानदार या होटल में एमआरपी से अधिक मूल्य वसूला जाता है वह अब वाट्सएप पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं या बाट और माप विभाग को भी उचित कार्रवाई के लिए फोन कर सकते हैं। ठाणे जिला उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम के हाल ही में सुनाए गए फैसले के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। ठाणे के समीप स्थित एक होटल को पानी की ब्रांड वाली तीन बोतलों पर एमआरपी से 10 गुना अधिक मूल्य वसूलने के मामले में उपभोक्ता को मुआवजा अदा करने का फैसला सुनाया गया था। राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग केअधिकारी ने बताया कि लोग 9869691666 पर अपनी शिकायत वाट्सएप कर सकते हैं या 022-22886666 पर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे के बीच फोन कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इन शिकायतों पर नजर रखने के लिए विशेष सेल का गठन किया गया है। दुकानदारों व खाद्य वस्तुओं की बिक्री करने वाले विभिन्न प्रतिष्ठानों के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि वे सार्वजनिक जानकारी के लिए इन नंबरों को प्रदर्शित करें। सरकार इस नंबर सेवा को 24 घंटे उपलब्ध करवाने पर भी विचार कर रही है। मौजूदा कानून के तहत दुकानदारों के एमआरपी से अधिक वसूलने पर जुर्माने का प्रावधान है।

## सरकारी अस्पताल से नवजात चोरी

ठाणे, 6 फरवरी (भाषा)। ठाणे के भिवंडी स्थित सरकारी अस्पताल से नवजात बच्ची की चोरी का मामला सामने आया है। भिवंडी के रहनाल की रहने वाली शबाना बेगम ने तीन फरवरी की देर रात बेटी को जन्म दिया। सुबह अज्ञात महिला बुर्के में महिला वार्ड में आई और उसने शबाना बेगम को बताया कि अस्पताल से छुट्टी देने के लिए डाक्टर ने उसे बुलाया है। जब मां वापस आई तो बच्ची गायब थी।

CORDS™ कॉर्ड्स केबल इंडस्ट्रीज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: 94, प्रथम तल, शम्भू दयाल बाग मार्ग
निकट ओखला औद्योगिक क्षेत्र फेज-III, ओल्ड ईश्वर नगर, नई दिल्ली-110020
फोन: 011-40551200 फैक्स नं. 011-40551280/81 वेबसाईट: www.cordscable.com
ई-मेल: ccil@cordscable.com, CIN: L74999DL1991PLC046092

नोटिस

एतद्द्वारा सेबी (सूचीयन उत्तरदायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 47 एवं 29 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कंपनी के निदेशक मंडल की 171वीं बैठक का आयोजन शनिवार, 13 फरवरी, 2016 को अप. 3.00 बजे अन्य बातों के अलावा निम्नलिखित पर विचार करने एवं अनुमोदित करने के लिए किया जाएगा:-

0 31 दिसंबर, 2015 को समाप्त तिमाही/ नौ माह के लिए सीमित पुनरीक्षण रिपोर्ट के साथ अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम।

उपरोक्त जानकारी कंपनी की वेबसाइट यथा (www.cordscable.com) तथा स्टॉक एक्सचेंजों, जहां कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं यथा (www.bseindia.com) तथा (www.nseindia.com) पर भी उपलब्ध है। सेबी (आंतरिक ट्रेडिंग का निषेध) विनियमावली 2015 के अनुरूप, ट्रेडिंग विन्डो 8 फरवरी, 2016 से 15 फरवरी 2016 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेगी।

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते कॉर्ड्स केबल इंडस्ट्रीज लि.
हस्ता./-
गरिमा पंत
कंपनी सचिव

स्थान: नई दिल्ली
तिथि: 5 फरवरी, 2016

**BAJAJ ENERGY PRIVATE LIMITED**
TC-13, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow
CIN : U40102UP2008PLC046764

**PUBLIC NOTICE**

The BAJAJ ENERGY PRIVATE LIMITED (BEPL) has filed the following Petitions: Petition No. 973 of 2014 and 1036, 1037, 1038, 1039 & 1040 of 2015, for Approval of Final Capital Cost as on Commercial Operation Date and Determination of Final Tariff, Additional Capitalization and True-up for the period 2011-12 to 2013-14; Petitions for the Multi Year Tariff (MYT)